हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

15 जून 2026 समय 18:10

मुख्य समाचार

- उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाणिज्यिक उड़ाने शुरू हुई - हरियाणा को भी लाभ होगा।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने, रोहतक अग्निकांड में जान गँवाने वाले तीन लोगों के परिवार को 10 -10 लाख रुपए की राहत राशि देने की घोषणा की। अन्य दुकानदारों को भी राहत राशि मिलेगी ।

- हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा - अमेरिका -ईरान में युद्ध समाप्ति समझौते से भारत को काफी फायदा होगा ।

- भारतीय जनता पार्टी की प्रदेशाध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने कहा - वैशविक स्थिति के चलते भारत में अन्य देशों के मुकाबले ईंधन और दवाओं आदि के दामों में कम वृद्धि हुई है ।
- और

- हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर यात्री सुविधा दिवस मनाया गया ।

उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाणिज्यिक उड़ाने आज से शुरू हो गई हैं। यह देश के विमानन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नागर विमानन मंत्री किंजरापू राममोहन नायडू ने आज उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पहले चरण में इसकी क्षमता प्रति वर्ष एक करोड़ बीस लाख यात्रियों की होगी। यह हवाई अड्डा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह की उड़ानों का संचालन करेगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जेवर हवाई अड्डे से फरीदाबाद, बल्लभगढ़ और पलवल क्षेत्र के लोगों को भी

****

****

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रोहतक अग्निकांड में जान गवाने वाले तीन लोग के परिवार को 10-10 लाख रुपए, पूर्ण रूप से बर्बाद दुकानों के मालिकों को 5-5 लाख रुपये, अन्य दुकानदारों को 2-2 लाख रूपए और जली रेहड़ी के मालिकों को 50-50 हजार रूपए की राहत राशि देने की घोषणा की है। यह राशि मुख्यमंत्री राहत कोष से दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने आज अग्निकांड में तबाह हुई दुकानों का निरीक्षण करने के उपरांत प्रभावित दुकानदारों से मुलाकात के दौरान यह घोषणा की।मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा -

शहरी स्थानीय निकाय के रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित दुकानदारों को अलग से मुआवजा दिया जाएगा।मुख्यमंत्री, अग्निकांड में मारे गए कपिल, सौरभ व अमन के घर भी गए और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की।

****

****

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा है कि अमेरिका ईरान में युद्ध समाप्ति समझौते से भारत को काफी फायदा होगा क्योंकि भारत का 25 से 30 प्रतिशत पेट्रोलियम होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते ही आता है और युद्ध की वजह से पोतों की आवाजाही प्रभावित थी।

श्री विज आज अंबाला में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। हरियाणा में आज से विशेष गहन पुनरीक्षण -एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के प्रश्न पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि एसआईआर चुनावी प्रक्रिया का महत्वपूर्ण अंग है।

****
****

प्रादेशिक समाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

****
****

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेशाध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने कहा कि अमेरिका ईरान युद्ध की स्थिति ईंधन और दवाओं के दाम में बढ़ोतरी का सामना भारत ही नहीं बल्कि पूरा विश्व कर रहा है। भारत में विकसित देशों के मुकाबले दाम में काफी काम वृद्धि हुई है।

वे आज कैथल में भाजपा के जिला स्तरीय सम्मान समारोह में मीडिया से बातचीत कर रही थी।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला के बयानों को लेकर उन्होंने कहा कि सुरजेवाला मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने के बजाए केवल बातें करते हैं और महंगाई पर कोरे बयान देते हैं।

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए नए कार्यकर्ताओं और महिलाओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा।

विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष के विरोध पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने कहा कि आयोग मतदाता सूची के शुद्धिकरण का काम कर रहा है।

****

****

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज जींद में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक से पहले खेल मंत्री ने जिला ग्रामीण विकास कार्यालय के प्रांगण में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया।

मीडिया से रूबरू होते हुए श्री गौरव गौतम ने बताया कि आज की बैठक में कुल 11 मामले रखे गए, जिनमें से 9 मामलों का मौके पर ही स्थाई समाधान कर दिया गया। शेष 2 मामलों को अगली बैठक तक के लिए लंबित रखा गया है और संबंधित उच्च अधिकारियों को इस संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिले के एक पुस्तकालय का नाम बदलकर अटल पुस्तकालय किए जाने के मामले पर उन्होंने कहा -

****

****

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग के सहयोग से हिसार जिले के गांव मुकलान के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय शिविर ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को पुष्ट करने में अहम भूमिका निभाई।

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत लगाए गए इस राष्ट्रीय शिविर की समाप्ति पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें युवक युवतियों ने पारंपरिक पोशाक पहन कर नृत्य किया।

शिविर के संयोजक नरेंद्र दुहन ने बताया कि शिविर में विभिन्न राज्यों से 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

शिविर में भाग लेने पहुँची छात्राओं ने कहा कि उन्हें अलग अलग राज्यों की संस्कृति,बोली,भाषा,खानपान व पहनावे आदि के बारे में जानने व समझने का अवसर मिला।

****

****

हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर आज यात्री सुविधा दिवस मनाया गया।इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।हिसार हवाई अड्डे के निदेशक ओपी सैनी ने बताया -

श्री सैनी ने कहा कि आज हवाई अड्डे पर यात्रियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें स्वागती किट भी प्रदान की गई।

****

****